मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001-2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष-9, अंक-10 दिसम्बर, 2009

किसी भी तरह के व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन - 1800 1800 545

## कामधेनु की ओर से नव वर्ष 2010 का स्वागत

प्रिय साथियों,

कामधेनु परिवार की ओर से आप सभी को नव वर्ष 2010 की हार्दिक शुभकामनाएं ! नव वर्ष आप सभी के लिए कामयाबी और खुशहाली की सौगात लेकर आए।

वर्ष 2010 के लिए उन्नति और प्रगति की कामना करते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड कामयाबी के नए रास्तों की तलाश में जुटी है। नयी व्यावसायिक इकाईयों, नई रणनीति, नए उत्पाद, ये सभी बातें नव वर्ष की प्राथमिकताओं में पहले से शामिल हैं। इसमें कोई संशय नहीं वर्ष 2009 हमारे लिए अच्छा रहा, इस तथ्य के बावजूद कि पिछले वर्ष बुनियादी एवं आधारभूत क्षेत्र में आर्थिक मंदी छायी रही, लेकिन कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपनी कामयाबी की दास्तान को बदस्तूर जारी रखा। लेकिन 2010 में हम अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता के दम पर कामधेनु को हर तरह से कामयाबी की नई ऊँचाइयों पर ले जाना चाहते हैं।

कामधेनु ने बीते वर्ष कंस्ट्रक्शन कैमिकल एवं प्लास्टर ऑफ पेरिस के क्षेत्र में कदम रखकर अपने उत्कृष्ट उत्पादों की सूची को विस्तार दिया। इन फैसलों ने कामधेनु ब्रांड की लोकप्रियता को बढ़ाकर कंपनी को बुनियादी क्षेत्र की सभी जरूरतों को एक ही छत के नीचे पूरा करने के अपने प्रमुख लक्ष्य के और करीब ला दिया। इतना ही नहीं, इसी दरम्यान कामधेनु ने एफएमसीजी क्षेत्र में भी अपना पहला कदम रख दिया। अब हमारा यह दायित्व बनता है कि हम कामधेनु के भरोसे को कायम रखते हुए अपनी संपूर्ण निष्ठा के साथ इन नए उत्पादों को कामयाबी के शिखर पर पहुँचाएं और साथ ही अन्य नए एवं प्रगतिशील क्षेत्रों की ओर कदम बढ़ाने में कंपनी का पूरा सहयोग करें।

अब जबकि वर्ष 2010 व्यावसायिक क्षेत्र के लिए बेहतर माहौल बनने के संकेत दे रहा है, ऐसे में कामधेनु नए उत्साह और जोश के साथ कदम से कदम मिलाने को तैयार है। मुझे पूरा विश्वास है कि बाजार की परिस्थितियों में सुधार के साथ ही वर्ष 2010 में आपकी कड़ी मेहनत रंग लाएगी और और इसके बेहतर परिणाम भी सामने आएंगे। मैं अपने समस्त साथियों, व्यावसायिक सहयोगियों, फ्रेंचाइजी, डीलर एवं डिस्ट्रीब्यूटर बंधुओं को उनके हार्दिक सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ। मैं आश्वस्त हूँ कि आने वाले समय में आप सभी का सहयोग और समर्थन हमें इसी प्रकार मिलता रहेगा, जिससे हम कामधेनु को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में सक्षम होंगे।

"हम कामधेनु को देश के साथ-साथ विश्व की अग्रणी कंपनी बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं।"

हार्दिक मंगल कामनाओं के साथ!

सुनील अग्रवाल
निदेशक
कामधेनु इस्पात लि.

## कामयाबी की राहों के पथिक हर्ष यादव



कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज जिस मुकाम तक पहुँची है, वह हजारों हाथों की कड़ी मेहनत और कंपनी के प्रति कायम उनकी विश्वसनीयता का नतीजा है। कामयाबी की इन राहों पर अपना पसीना बहाने वालों में एक हैं राजस्थान के अलवर जिले में टापूकड़ा क्षेत्र में स्थित मेसर्स अरावली ट्रेडर्स के श्री हर्ष यादव। कामधेनु इस्पात लिमिटेड के साथ जुड़कर श्री यादव न केवल कंपनी की प्रगति में महत्वपूर्ण भागीदार बने बल्कि स्वयं को भी एक सम्मानित विक्रेता के रूप में स्थापित किया। स्वभाव से अत्यंत लगनशील और अच्छे से अच्छा कर दिखाने की महत्वाकांक्षा के कारण कई बार कंपनी द्वारा विशेष सम्मान के हकदार बने। श्री हर्ष यादव ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड के जीएम श्री एच.एन. मोदी एवं कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री राजीव गर्ग के हाथों सर्वश्रेष्ठ डीलर के पुरस्कार प्राप्त किए। इस

## खैरथल के राजमिस्त्री बने कामधेनु के कायल

कामधेनु ब्रांड के स्टील उत्पाद उपभोक्ताओं के दिलों में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। 5 दिसंबर को खैरथल में एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम (सीएपी) का आयोजन किया गया। इसमें उपभोक्ताओं के साथ–साथ आस–पास के क्षेत्रों से आए 50 से ज्यादा राजमिस्त्रियों ने हिस्सा लिया। कामधेनु इस्पात लि. की ओर से कंपनी के जीएम श्री एच. एन. मोदी ने कंपनी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए राजमिस्त्रियों के प्रश्नों का उत्तर दिया। कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री राजीव गर्ग ने कामधेनु स्टील से जुड़े हर सवाल का जबाव दिया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लि. के डीलर मेसर्स मनोज कुमार मदनलाल के श्री मदनलाल (पिपलीवाले) और व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश झाखड़ भी वहाँ मौजूद थे। समारोह का आयोजन श्री मदनलाल के सौजन्य से किया गया। इस




## जलवायु परिवर्तन की चिंता से एकजुट हुए विकसित देश

जलवायु परिवर्तन के गंभीर होते संकट के साए में कोपनहेगन में 12 दिन तक चले 192 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन के आखिरी दिन एक "सार्थक समझौते" को अंतिम रूप दिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा इसे एक बड़ी उपलब्धि मानते हैं, क्योंकि इस समस्या से निपटने के लिए भारत, चीन, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जैसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को मनाना अति आवश्यक था। हालांकि कोपनहेगन में हुए समझौते पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं रखी गयी है, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने पर बनी सहमति ने भविष्य के लिए उम्मीदें जगा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा कार्बन उत्सर्जन में 20 प्रतिशत कटौती की पहल एक सराहनीय कदम है।

सारी दुनिया इस समय ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरों से आतंकित है। ग्लेशियरों का पिघलना, नदियों का सूखना, समुद्र के जलस्तर का बढ़ना, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, भूकंप, समुद्री तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाएं, मौसम में बदलाव और फसल चक्र पर मंडराते संकट के मद्देनजर छोटे और विकासशील राष्ट्रों को सबसे अधिक प्रभावित होना पड़ता है। जहाँ तक सवाल विकसित राष्ट्रों का है, तो वे अपनी मौजूदा व्यवस्था में कोई कटौती करने को तैयार नहीं हैं। इनका सारा दबाव छोटे और विकासशील राष्ट्रों को मजबूर करने की ओर होता है। यही वजह है कि जब 11 दिनों तक कोपनहेगन सम्मेलन का कोई नतीजा नहीं निकल सका, और मनमोहन सिंह, बराक ओबामा जैसे राष्ट्राध्यक्ष वापसी की तैयारी में जुट गए तो संयुक्त राष्ट्र के महासचिव बन–की–मून की पहल पर इन्हें दोबारा बुलाया गया। मकसद साफ था कि यहाँ से निराशा हाथ लगने पर ग्लोबल वार्मिंग की समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती थी। आखिरी पलों में बराक ओबामा, वेन–जियाबाओ समेत विकसित राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्षों ने लचीला रुख अपनाया, तब जाकर एक सार्थक समझौते के साथ कोपनहेगन से उम्मीद की एक किरण निकली है। लेकिन समझौते के कुछ ही देर बाद जिस प्रकार विरोध के स्वर सुनाई दिए, उससे ऐसा नहीं लगता कि यह काम इतना आसान है। इस



# पश्चिम बंगाल में होगा कामधेनु सीमेंट का विस्तार



पश्चिम बंगाल सीमेंट के लिए एक आकर्षक बाजार बनकर उभरा है क्योंकि इस प्रदेश में बुनियादी विकास की रफ्तार अब तेज हो चली है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड इस उभरते बाजार में अपने लिए बेहतरीन संभावनाएं देख रही है। 08 नवंबर को वीरभूम जिले के तारापीठ में कंपनी द्वारा आयोजित "इंजीनियर्स मीट" के दौरान कंपनी ने अपने सीमेंट उत्पाद का व्यापक प्रचार–प्रसार किया। इस सम्मेलन में सरकारी एवं गैरसरकारी क्षेत्र के 50 से ज्यादा इंजीनियरों ने हिस्सा लिया। कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री एम. मित्रा एवं श्री पी.के. झा सम्मेलन में शामिल हुए। कंपनी के सहयोगी मेसर्स श्री गोपाल कंक्रीट (प्रा.) लि. की ओर से कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विशाल शारदा एवं निदेशक (मार्केटिंग) श्री अमर भारतीय समारोह में मौजूद थे।

श्री मित्रा ने बताया "कामधेनु सीमेंट तीन अलग–अलग किस्मों, ओपीसी – आईएस : 8112/12269, पीपीसी – आईएस : 1489 और पीएससी – आईएस : 455 में बाजार में उपलब्ध है। उत्कृष्ट गुणवत्ता के पैमानों पर तैयार कामधेनु सीमेंट के खनिज तत्वों एवं इसकी संरचना को अत्यंत गहन शोध के साथ विकसित किया गया है, जिससे इसकी गुणवत्ता कई गुणा बढ़ जाती है। उच्चस्तरीय कंप्रेसिव स्ट्रेंथ, रासायनिक आघातों को सहन करने की क्षमता, शानदार आफ्टर हार्डनिंग, भूकंपरोधी एवं अग्निरोधक क्षमता, न्यूनतम सीलन और सिंटरिंग की विशिष्टताओं के साथ–साथ कामधेनु सीमेंट अत्यंत किफायती भी है।"

इस

# कामधेनु स्टील ने दिया महाराष्ट्र-आंध्र में आपूर्ति पर जोर

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने महाराष्ट्र में कामधेनु स्टील की आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए जालना जिले में स्थित मेसर्स रुतुजा इस्पात प्रा. लि. से हाथ मिलाया है। कामधेनु स्टील के उत्पादों की फ्रेंचाइजी के रूप में मान्यता प्राप्त जालना जिले की यह इकाई महाराष्ट्र के साथ–साथ आंध्रप्रदेश के स्टील मार्केट में आपूर्ति पर ध्यान देगी।

रुतुजा इस्पात प्रा. लि. को भारत के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र में कामधेनु रीइनफोर्समेंट स्टील (टीएमटी/एचएसडी) के लिए प्रमुख आपूर्ति केंद्र के रूप में मान्यता दी गयी है।

इस आशय की औपचारिक घोषणा के अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जीएम श्री एस.बी. शर्मा, जीएम–मार्केटिंग श्री नरेश कपूर, श्री एम.ए. सिद्दीकी और श्री देवेश त्यागी के साथ–साथ रुतुजा इस्पात प्रा. लि. की ओर से कंपनी के निदेशकगण श्री सुभाष चंद बड़जाते, श्री सुशील बड़जाते, श्री सैलेश बड़जाते एवं डॉ. स्वप्निल बड़जाते भी यहाँ मौजूद थे।




रुतुजा इस्पात प्रा. लि. के निदेशक डॉ. स्वप्निल बड़जाते, श्री सुभाष चंद बड़जाते, श्री सैलेश बड़जाते एवं श्री सुशील बड़जाते, कामधेनु इस्पात लि. की ओर से निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, श्री एम.ए. सिद्दीकी, जीएम–मार्केटिंग श्री नरेश कपूर, सीनियर जीएम श्री एस.बी. शर्मा एवं श्री देवेश त्यागी

कंपनी की इस पहल पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा "महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश में स्टील के बाजार का बड़ी तेजी से विस्तार हो रहा है। इसके साथ–साथ, कामधेनु स्टील की माँग भी बड़ी तेजी से बढ़ी है। कामधेनु स्टील की तेजी से बढ़ती माँग को देखते हुए कंपनी ने अपनी आपूर्ति व्यवस्था को विस्तार देने का निर्णय लिया है।"

कामधेनु की इस नयी फ्रेंचाइजी के निदेशक श्री सुभाष चंद बड़जाते ने कहा "कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पाद इस बाजार में पहले से काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। और अब इस नयी पहल के साथ कामधेनु स्टील की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में, समय पर और सुविधाजनक तरीके से संभव होगी जिससे इसका मार्केट शेयर तेजी से बढ़ेगा।"

इस

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# कामधेनु ब्रांड का नया उपहार "कामधेनु फ्रेश"

"कामधेनु फ्रेश" ने कामधेनु इस्पात लिमिटेड की कामयाबी के सफर को नयी मंजिलों की ओर ले जाने का रास्ता तैयार कर लिया है। थोड़े ही समय में "कामधेनु फ्रेश" ने बोतलबंद पेय जल के रूप में बाजार में अपनी साख कायम कर ली है। इस नए उत्पाद के साथ कामधेनु समूह उपभोक्ताओं के घरों में अपनी सीधी पहुँच बनाने के साथ–साथ उनके दिलों में भी अपनी जगह बनाना चाहती है।

उत्कृष्ट गुणवत्ता कामधेनु ब्रांड के उत्पादों की सबसे बड़ी विशेषता रही है, "कामधेनु फ्रेश" इससे अलग नहीं है। "कामधेनु फ्रेश" भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानदंडों के अंतर्गत उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करने के लिए कृतसंकल्प है। कामधेनु के बोतलबंद पेय जल के उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त अतिविशिष्ट उत्पादन संयंत्र में पूरी की जाती है। आधा लीटर, एक लीटर और दो लीटर के अलग–अलग पैकिंग साइज में बाजार में उपलब्ध "कामधेनु फ्रेश" उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत किफायती है, जिसकी कीमत 13 रुपये आस–पास रखी गयी है। आज "कामधेनु फ्रेश" बाजार में वही साख कायम करने में जुटी है जो कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने बुनियादी एवं आधारभूत क्षेत्र में बनायी है।




उपभोक्ताओं के रुझान से यह साफ पता चलता है कि इस उत्पाद के साथ "कामधेनु" का नाम जुड़ा होना इसकी उत्कृष्ट गुणवत्ता की पहचान है। इस

# कामधेनु की कामयाबी के डेढ़ दशक

अपने सफर के डेढ़ दशक पूरे होने पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड आगामी 23 जनवरी 2010 को "कामधेनु फाउंडेशन डे (कामधेनु स्थापना दिवस)" मनाने जा रही है। कामधेनु परिवार के सदस्यों के लिए "कामधेनु स्थापना दिवस" हमेशा से एक अतिविशिष्ट अवसर रहा है। इस सुअवसर पर कामधेनु परिवार से जुड़े देश भर के कर्मचारी, डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर, सहयोगी एवं फ्रेंचाइजी एक जगह जमा होते हैं और सब मिलकर कामधेनु की कामयाबी का उत्सव मनाते हैं।

दुनिया भर में छायी आर्थिक मंदी को दरकिनार करते हुए बीते वर्ष कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने विकास के सम्मानजनक सफर को बदस्तूर जारी रखा, जिससे यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इतना ही नहीं, इसी अवधि के दौरान कामधेनु ने "कामधेनु फ्रेश" के साथ एक बिलकुल नए क्षेत्र (एफएमसीजी क्षेत्र) में कदम रखा है।

अपनी स्थापना की 15वीं वर्षगांठ "Share The Vision" के अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने आगामी 23 जनवरी 2010 को नई दिल्ली के धौला कुंआ के निकट स्थित "सुब्रोतो पार्क, एयरफोर्स ऑडिटोरियम" में एक भव्य समारोह का आयोजन किया है। इस आयोजन को कामधेनु परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए अविस्मरणीय बनाने की तैयारियाँ जोर–शोर से शुरू हो गयी हैं।

KAMDHENU GROUP

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर आफ द मंथ

श्री दिपेन्द्र सिंह
मैसर्स बंसल सैल्स कंपनी
पक्खोवाल रोड
रणजीत टावर के सामने
बैंक ऑफ पंजाब के निकट
लुधियाना
मो.: 0981596483

श्री अनूप गोयल
मैसर्स गोयल निर्माण स्टोर
ई – 136, मित्तल चौक
पुल प्रहलादपुर, बदरपुर
नई दिल्ली – 110044
मो.: 09871321660

श्री राजीव कुमार
मैसर्स मनोहरलाल मदनलाल
आयरन मर्चेंट
अबोहर, पंजाब
मो.: 09216226472

Printed at Tara Art Printers Pvt. Ltd., A-46/47, Sector-5 Noida, UP.

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com